सुजॉय मजुमदार, आई.एफ.एस
निदेशक, एनबीए

भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
पर्यावरण भवन, बी. 1 विंग, 8वीं,9वीं
एवं 12वीं मंजिल सीजीओ कॉम्पलैक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

अं.शा.सं: डब्ल्यू 11042/79/2013-एनबीए नई दिल्ली,
दिनांक-11 अप्रैल, 2014,

विषय:- योग्यता के आधार पर डब्ल्यूएसएसओ/सीसीडीयू, डी डब्ल्यू एस एम और बी आर सी में लगाने के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, तुलजापुर, महाराष्ट्र से 'वाश' में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा धारकों पर विचार करना।

प्रिय महोदय/महोदया,

महाराष्ट्र सरकार और यूनिसेफ ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइसेंस (टीआईएसएस) में इसके तुलनापुर, महाराष्ट्र कैम्पस में ''वाश'' पर एक स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए आपस में सहयोग किया है। 16 छात्रों का पहला बैच इस वर्ष फरवरी-2014 में उत्तीर्ण करके निकला है। ''वाश'' पर डिप्लोमा कोर्स एक वर्ष की अवधि का है और यह जल, स्वच्छता और हाइजीन जैसे महत्वपूर्ण मामलों/विषयों को कवर करता है। इस आवासीय कोर्स में प्रवेश लेने के केवल स्नातक ही पात्र हैं।

विश्वविद्यालयों और अकादमी संस्थानों में ''वाश'' पर कोर्स को शुरू करने के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए कार्य दल की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए यह मंत्रालय ''वाश'' सेक्टर में बहुत अधिक पेशेवर लोगों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ''वाश'' पर ऐसे और अधिक कोर्स शुरू करने की आवश्यकता के प्रति जागरूक है।

राज्यों से अनुरोध है कि वे सीसीडीयू/डब्ल्यूएसएसओ, डीडब्ल्यूएसएम, बीआरसी में लगाने के लिए टी आईएसएस और अन्य ऐसे ही विख्यात संस्थानों से ''वाश'' में इन डिप्लोमा धारक स्नातकोत्तरों पर विचार करें बशर्ते कि वे इसके लिए न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव रखते हों। अत: सीसीडीयू/डब्ल्यूएसएसओ, डीडब्ल्यूएसएम और बीआरसी के लिए रिक्तियों को अधिसूचित करते समय राज्य ''टिस'' एवं ''वाश'' में स्नातकोत्तर कोर्स वाले ऐसे विख्यात संस्थानों को विज्ञापन परिपत्रित कर सकते हैं।

कोर्स एवं अन्य संदर्भों की विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क हेतु ''टिस'' के व्यक्तियों के नाम एवं पते निम्न प्रकार हैं:-

प्रो० बिपिन दास और प्रो० रमेश सक्तिवल
ग्रामीण विकास विद्‍यालय, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइसेंस (टिस)
अपसिंगा रोड, तुलजापुर, उस्मानाबाद जिला, महाराष्ट्र- 413601
फोन-0927010522
(मेज आईडी-ramesh.sakthivel@tiss.edu)

मंत्रालय टिस से ''वाश'' पर एक वर्षीय/18 महीने का ऑनलाइन कोर्स/पत्राचार कोर्स शुरू करने के लिए विचार करने का अनुरोध करेगा जिससे कि डब्ल्यूएसएसओ/सीसीडीयू, डीडब्ल्यूएसएम, बीआरसी में ''वाश'' सेक्टर में पहले से लगे हुए एच आर अपनी योग्यता एवं ज्ञान के स्तर को बढ़ा सकें।

सादर,

भवदीय

(सुजॉय मजुमदार)

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव प्रभारी -ग्रामीण जल आपूर्ति एवं ग्रामीण स्वच्छता
सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र।